# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला 176215

**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215**

क्रमांकः हि०शि०बो०(22)दशम्-2/लेटर सैट/1/2025/11983-12013 दिनांकः 15/05/2025

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च, 2025 में संचालित की गई दसवीं कक्षा के नियमित, अतिरिक्त विषय, श्रेणी सुधार व अनुपूरक परीक्षा के परीक्षार्थियों की परीक्षा का परिणाम आज दिनांक 15/05/2025 को घोषित किया जाता है। संचालित की गई परीक्षा का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र° सं° | कक्षा व सत्र | परीक्षार्थियों की कुल संख्या | उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या | अनुपूरक परीक्षार्थियों की कुल संख्या | अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या | पास प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवीं, (मार्च, 2025) | 95495 | 75862 | 5563 | 13574 | 79.8% |

उपरोक्त के अतिरिक्त जो परीक्षार्थी लिखित व प्रायोगिक परीक्षा में से किसी विषय की परीक्षा में अनुपस्थित रहें है, ऐसे परीक्षार्थियों को उस विषय में अनुपस्थित दर्शाया गया है तथा परीक्षा परिणाम पूर्व निर्धारित मानदण्ड अनुसार ही घोषित किया गया है।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड मुख्यालय में कार्य दिवस के दौरान दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 01892-242119 (शिमला, सिरमौर, लाहुल स्पीति, किन्नौर), 01892.242128 (कुल्लू, ऊना, सोलन), 01892-242148 (हमीरपुर, चम्बा, बिलासपुर), 01892-242149 (कांगड़ा) 01892-242151 (मण्डी) पर सुबह 10 बजे से लेकर सांय 5 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वैबसाईट **www.hpbose.org** पर उपलब्ध है।

हि° प्र° स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु प्रमाण पत्रों की प्रतियाँ Digilocker पर भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

उक्त परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक परीक्षार्थी सम्बन्धित पाठशाला के माध्यम से केवल ऑनलाईन प्रणाली द्वारा बोर्ड की बैवसाईट **www.hpbose.org** पर पुनर्मूल्यांकन हेतु **1000/- रू०** व पुनर्निरीक्षण हेतु **800/- रू०** प्रति विषय की दर से दिनांक **30.05.2025** तक आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन करने के लिए सम्बन्धित विषय में कम से कम 20% अंक होना अनिवार्य है। केवल ऑनलाईन के माध्यम से निर्धारित शुल्क सहित प्राप्त आवेदन पत्र ही मान्य होंगें तथा ऑफलाईन व बिना शुल्क के प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**डॉ० (मेजर)विशाल शर्मा (हि० प्र० से०)**
**सचिव**

पृष्ठांकन संख्याः -यथोपरि-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. निजी सहायक, अध्यक्ष महोदय/सचिव महोदय, हि° प्र° स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2. अतिरिक्त सचिव, उप सचिव /समस्त सहायक सचिव, हि° प्र° स्कूल शिक्षा बोर्ड।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी/जिला प्रबन्धक, हि° प्र° स्कूल शिक्षा बोर्ड।
4. प्रभारी, सूचना प्रोद्यौगिकी कक्ष को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वे अधिसूचना को बोर्ड बैवसाईट व समस्त स्कूल User ID में अपलोड करने हेतु।
5. प्रभारी, लोक संपर्क, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आशय के साथ कि वे इस अधिसूचना की प्रैस विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाएं।
6. रक्षक संचिका।

**डॉ० (मेजर)विशाल शर्मा (हि० प्र० से०)**
**सचिव**